# भीषण गर्मी में नन्हें बच्चों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़ : एनएसयूआई

## कलेक्ट्रेट पहुंचकर छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 अप्रैल, कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। भीषण गर्मी से आमजन जीवन प्रभावित है, खासकर छोटे मासूम बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर हो रहा है। इसे दृष्टिगत रखते हुए स्कूलों का समय कम कर सुबह 07:00 से दोपहर 12:00 बजे किया गया है, किन्तु आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को अभी भी सुबह 08:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक बैठने के लिए मजबूर किया जा रहा है। तेज धूप और अत्यधिक तापमान में इतने लंबे समय तक बच्चों को केंद्र में बिठाना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।**



एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अपेक्षा सूर्यवंशी से चर्चा के उपरांत एनएसयूआई के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राजू वाडीवा , विधानसभा अध्यक्ष अविनाश काकोड़िया एवं नगर अध्यक्ष सत्येंद्र अहिरवार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से छात्र जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि आंगनवाड़ी केंद्रों का समय घटाकर सुबह 8 से दोपहर 10 बजे तक किया जाए। गर्मी में छोटे बच्चों की अनिवार्य उपस्थिति समाप्त की जाए। केवल आवश्यक सेवाएं जैसे टीकाकरण एवं पोषण आहार वितरण के लिए ही बच्चों को बुलाया जाए। छात्र जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि शीघ्र ही उपरोक्त मांगों को पूरा नहीं किया गया तो एनएसयूआई बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जिसके लिए जिला प्रशासन जिम्मेदार होगा।

# लापरवाह वाहन चालक को 6 माह का सश्रम कारावास

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 अप्रैल, राहुल डोंगरे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी छिंदवाडा के द्वारा थाना देहात की ओर से पेश एक्सीडेंट के प्रकरण में आरोपी दुर्गेश पिता हरिराम धुर्वे 35 वर्ष निवासी परतला को 06 माह के सश्रम कारावास एवं 1500 रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया । अभियोजन का मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थी घूडन पाल ने रिपोर्ट लेख करायी कि 30 जून 2022 को दिन में करीब 12:00 बजे संतोष करडे के खेत की मेढ में गाय चरा रहा था।**



रिंग रोड बायपास तरफ जा रही गाय को लौटा रहा था तभी सोमाढाना चौक की तरफ से मोटर साईकिल क्रमांक एम.पी. 28 एमजी 3228 के चालक ने मोटर साईकिल को तेज गति लापरवाही से चलाकर लाया और प्रार्थी को पीछे से टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे प्रार्थी रोड पर गिर गया और उसे दाहिने हाथ, दाहिने पैर एवं सिर में दाहिने तरफ में चॉट आई। फरियादी के द्वारा थाना देहात में घटना की रिपोर्ट लेख करायी, उक्त सूचना उपरांत तथा प्रकरण मे संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त द्वारा अपराध कारित किया जाना पाये जाने से कार क्रमांक एम.पी. 28 एमजी 3228 के चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां न्यायालय के द्वारा आरोपी दुर्गेश पिता हरिराम धुर्वे को धारा 279 भादवि में 500/- रूपये के अर्थदण्ड, धारा 338 भादवि में 06 माह का सश्रम कारावास एंव 500-/ रूपये एवं धारा 3/181 मोटर यान अधिनियम में 5000 रूपये तथा 146/196 मोटर यान अधिनियम में 2000/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया ।

# पुलिस की नाक के नीचे हो रहे जघन्य अपराध :श्री उपाध्याय

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 अप्रैल, भाजपा के इशारों पर राजनीतिक द्वेष से वर्दी का रौब दिखाने वाली पुलिस इस समय सो रही है..पुलिस इस कदर गहरी नींद में है कि चोर उनके ही थाना परिसर से पहले बाइक चुरा ले जाते हैं. फिर चोर मंदिरों से दान पेटियां उड़ाते हैं और अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय से लगभग सात सौ मीटर की दूरी पर यानी उनकी नाक के नीचे लूट जैसे जघन्य अपराध को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं, जनता प्रश्न कर रही है कि पुलिस क्या कर रही ? जवाब है सो रही या फिर सत्ता के संरक्षण प्राप्त अवैध कारोबारियों को सुरक्षा उपलब्ध करा रही, ताकि शांतिप्रिय जिले की फिजा में अपराध का जहर इस कदर घोला जाए कि पीढ़ियां बर्बाद हो जाए ।**

उक्त उदगार जिला कांग्रेस प्रवक्ता नितिन उपाध्याय ने लालबाग में हुई लूट की वारदात और पुलिस की नाकामी पर कड़े शब्दों में व्यक्त किए। जारी बयान में उन्होंने आगे कहा कि उपरोक्त सम्पूर्ण जघन्य अपराध एक माह के भीतर घटित हुए हैं और इसके लिए पूरी तरह से पुलिस जिम्मेदार है, क्योंकि पुलिस अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूलकर सिर्फ और सिर्फ अवैध कारोबार को सुरक्षित व संरक्षित करने पर ध्यान दे रही, इसके पीछे उनका सीधा और अतिरिक्त आर्थिक हित है।

### गली गली में हो रहे अवैध कारोबार

श्री उपाध्याय ने कहा कि अवैध जुआ, सट्टा और शराब गली-गली व मोहल्ले, मोहल्ले हो चुके। प्रश्न यह उठ रहा है कि क्या सत्ता के संरक्षण प्राप्त लोग इन व्यापारों में लिप्त है, इसीलिये पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही या फिर आर्थिक हितों को साधने के लिए जनता की सुरक्षा से पहले काले कारोबारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। यही कारण है कि अपराधी बेखौफ होकर अपराध को खुलेआम अंजाम दे रहे।

### विपरित परिस्थितियां हुई निर्मित

श्री उपाध्याय ने कहा कि कभी वर्दी के खौफ से जिले में शांति व कानून व्यवस्था कायम रहती थी, किन्तु आज इसके विपरित परिस्थितियां निर्मित हो चुकी है, क्योंकि अपराधियों के बीच नहीं बल्कि निर्दोष लोगों पर पुलिस का रौब चल रहा है। कोतवाली थाना परिसर के अंदर से बाइक का चोरी होना और फिर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास से लूट की वारदात होना सबसे बड़ा और पुख्ता प्रमाण है।

# बम्हनी में स्थित हैंडपंप के आसपास की गई साफ-सफाई

**छिंदवाड़ा।** म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा आज जिले के विकासखंड तामिया के सेक्टर-01 बम्हनी में आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण गतिविधि आयोजित की गई। यह कार्यक्रम म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं तामिया विकासखंड समन्वयक श्रीमती ललिता धुर्वे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान गांव में स्थित हैंडपंप (जल स्रोत) के आसपास साफ-सफाई की गई, जिससे स्वच्छ जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े। इस अवसर पर गांव की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। परामर्शदाता महेन्द्र यादव ने उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण, जल बचाव एवं जल को सुरक्षित रखने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामूहिक रूप से किए गए छोटे-छोटे प्रयासों से जल संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

# कलेक्टर ने सुनी 159 आवेदकों की समस्यायें



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 अप्रैल, राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 159 आवेदकों की समस्यायें सुनी ।**

इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, सड़क बनाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री नारायन ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम ढोडाकुही के आसलाल इनवाती ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाने, ग्राम हड़ाई की श्रीमती कमला बाई ने भूमि का बंटवारा कर पृथक ऋण पुस्तिका बनाने, ग्राम उमरेठ के सेवाराम धारपुरे ने पीएम आवास निर्माण शीघ्र पूर्ण करने हेतु राशि दिलाने एवं अवैध कब्जा हटाने, अमरवाड़ा के ग्राम धतुरिया के बली ने भूमि का सीमांकन कराने, ग्राम लोहारबतरी की श्रीमती सहीदा खान ने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिये रिकॉर्ड रूम से जन्म दिनांक संबंधित जानकारी प्रदान कराने, ग्राम परासिया बैतूल के सोमलाल धुर्वे ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ दिलाने, ग्राम छिंदबोह के समस्त ग्रामवासियों ने ग्राम में मोबाइल टॉवर लगाने, दमुआ नगर के मो.रफीक ने 50 वर्षो से निवासरत भूमि का पट्टा प्रदाय करने, जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत राखीकोल के उप सरपंच एवं पंचगणों ने ग्राम में निर्माण कार्यो की जांच कराने, ग्राम सिंगोड़ी के कैलाश साहू ने कृषि भूमि के पुनः मापन एवं समुचित सीमांकन करने, छिंदवाड़ा नगर के चंदनगांव निवासी श्रीमती भावना शिवारे ने शासकीय सेवा में कार्यरत पति की मृत्यु होने पर अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, छिंदवाड़ा नगर के नोनिया करबल निवासी श्रीमती रानी कहार ने कल्याणी विवाह योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि दिलाने, छिंदवाड़ा नगर के वार्ड नंबर-13 चूनाभट्टा कैलाशधाम के मोहल्लावासियों ने वार्ड में नाले की सफाई एवं अतिक्रमण की गई रोड का चौड़ीकरण कराने एवं नगर के यश राय ने नगर निगम छिंदवाड़ा से मकान निर्माण की परमिशन दिलाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

# जल संरक्षण नारे लेखन के साथ आम जनो को दी जल स्त्रोतो के संरक्षण की जानकारी




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 अप्रैल, स्वचछता एवं जल के महत्व को जन जन तक समझाने के लिए हम सभी के मिले जुले प्रयास किये जाने चाहिए ताकी इन सामुहिक प्रयासों से स्वच्छ भारत की कल्पना को साकार किया जा सकता हे ।**

इस बात की जानकारी देने के लिये मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत जल स्त्रोतों की स्वच्छता अपनाने ग्राम पखड़िया एवं मारई मे जन जागरूकता लाने नारे लेखन किया गया ।इस अवसर पर सेक्टर 3 के परामर्शदाता श्यामल राव ,बी एस डब्ल्यू एवं एम एस डब्ल्यू के छात्रो ने ग्राम का भ्रमण कर ग्रामीण जनो को जल का संरक्षण , खुले पाईप मे नलो की टोंटी लगाने , ओर पानी का अपव्यय ना करने की अपील करते हुए जल संवर्धन की शपथ दिलाई गई । वही स्कूल जाकर छात्रो को भी जल संवर्धन के उपायो को समझाकर बरसात मे अधिक से अधिक पोधो का रोपण करने कहा गया ।इस नारे लेखन कार्य के साथ जन जागरुकता कार्यक्रम को सफल बनाने मे सी एम सी एल डी पी के छात्र, श्रद्धा गुप्ता, रीतिका दीवान, एकता साहू स्वाति सार्वे, विशाखा साहू ज्योति परमार,हंसिका सोनी,आलोक टांडेकर, शुभम शर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रायवती गजभिए ,दुर्गा डेहरिया, आशा कार्यकर्ता सुमन यादव का सराहनीय सहयोग रहा ।

# जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक का भण्डारण

## असुविधा से बचने के लिये ई-विकास पोर्टल से ही उठाव करे

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 अप्रैल, किसी प्रकार की समस्यां आने पर कृषि विभाग कार्यालय में स पर्क किया जा सकता हैजिले में वर्तमान में समस्त प्रकार की उर्वरक मिलाकर 92 हजार मेट्रिक टन की उपलब्धता है जो पूरी खरीफ की आवश्यकता की लगभग 50 प्रतिशत उपलब्ध है। कृषकों द्वारा उर्वरक का उठाव धीमी गति से होने के कारण जिले को प्राप्त होने वाली उर्वरक रेक के भण्डारण में समस्यां उत्पन्न हो सकती है।**

जिले में ई-विकास प्रणाली से उर्वरकों का विक्रय किया जा रहा है किन्तु कृषकों के बीच उक्त प्रणाली को लेकर भ्रम की स्थिति निर्मित हो रही है। किन्तु ई-विकास पोर्टल में किसानों के क्षेत्रफल एवं बोई जाने वाली फसल में वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुसार पूरी उर्वरक की मात्रा प्रदान किये जाने का प्रावधान है। वर्तमान में कृषकों को जितनी उर्वरक की गणना पोर्टल करता है उसकी आधी मात्रा क्रय करने का प्रावधान दिया गया है। अतः किसान असुविधा से बचने के लिये आधी उर्वरक मात्रा का तत्काल उठाव करे एवं शेष मात्रा आगामी माह में क्रय कर सकते है जब तक कि वैज्ञानिक अनुशंसा एवं गणना के अनुरूप उर्वरक प्राप्त न हो जाये। शासन स्तर से स्पष्ट किया गया है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है किन्तु इसका अग्रिम उठाव सिर्फ ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही किया जावेगा। वर्तमान में जिले में 43000 मेट्रिक टन यूरिया, एन.पी.के. एवं डी.ए.पी. 25000 मेट्रिक टन, पोटाश 5200 मेट्रिक टन एवं सिंगल सुपर फास्फेट 19000 मेट्रिक टन उपलब्ध है।

# आनंदम फीडर,चंदनगांव फीडर और खजरी फीडर के क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 अप्रैल, शहर संभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 11 के.व्ही. आनंदम फीडर एवं चंदनगांव फीडर, फीडर कोड- 18926, 7084 (लंबाई-6.94 कि.मी.) तथा खजरी फीडर, फीडर कोड-7069 पर मानसून पूर्व रख-रखाव कार्य के कारण 22 अप्रैल 2026 बुधवार को संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 7 से 11 बजे तक बाधित रहेगी।**

उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल 2026 को छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत आने वाले 11 के.व्ही. आनंदम फीडर एवं चंदनगांव फीडर, फीडर कोड- 18926, 7084 (लंबाई-6.94 कि.मी.) से प्रभावित क्षेत्र आनंदम टाउनशीप, मिश्रा कॉलोनी, शांति कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, फसीया सेमर, गुलमोहर, साबलेबाड़ी आदि संबंधित क्षेत्र तथा खजरी फीडर, फीडर कोड-7069 से प्रभावित क्षेत्र प्रियदर्शिनी कॉलोनी, सिध्दी विनायक कॉलोनी, सांई वाटिका, फ्रेण्ड्स कॉलोनी, आनंद नगर, डमरूटोला, कचरा घर, डुंगरिया, सोमाढाना, आरटीओ ऑफिस, नाजम बगीचा, आर्कन सिटी, गाडरीढाना आदि संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 7 से 11 बजे तक बाधित रहेगी।

# तालाब में श्रमदान कर की गई साफ-सफाई

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 अप्रैल, कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार एवं म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड बिछुआ की ग्राम पंचायत खमारपानी के सेक्टर-03 खमारपानी में द्वितीय चरण के अंतर्गत आज तालाब में श्रमदान एवं साफ-सफाई का कार्य किया गया।**



इस अवसर पर जनपद पंचायत बिछुआ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौरव तिवारी ने सभी समितियों से जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की तथा अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती अर्चना परतेती, समाजसेवी लखन वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पानी के समुचित उपयोग की बात कही। इस दौरान लखन कुमार वर्मा, समाजसेवी गोपाल कवरेती, राम सिंह पटेल, शिव चौरसिया, सुरेश परतेती, सचिव गोविंद बोबड़े, नवांकुर संस्था से भजनलाल वर्मा, परामर्शदाता विशाल बघेले सहित ग्राम के नागरिकों ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम बिछुआ समन्वयक दीपक गेडाम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# भारतीय मजदूर संघ का एक दिवसीय धरना आंदोलन सम्पन्न

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 21 अप्रैल, भारतीय मजदूर संघ मध्यप्रदेश भोपाल के आव्हान पर प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन ,रैली का आयोजन जिला समिति छिन्दवाड़ा के द्वारा जिलाध्यक्ष कार्यालय के समक्ष किया गया । संजय सिंह प्रदेश अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सबोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि निर्मल पटले तहसीलदार को धरना स्थल पर सौंपा गया ।**




धरना प्रदर्शन के दौरान प्रियांशु वाडिवा अध्यक्ष व्यवसायिक प्रशिक्षण शिक्षक संघ , सतीश गोंडाने संभागीय अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश , अरविन्द भट्ट सचिव राज्य कर्मचारी संघ , राकेश श्रीवास्तव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य , अर्जुन भारती जिलाध्यक्ष ,जिला समिति छिन्दवाड़ा के द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों के विभिन्न लंबित 6 सूत्रीय मांगों का प्रकाश डाला गया। सभी वक्ताओं के द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों के बनाये गये कार्पोरेशन के माध्यम से नियमितीकरण एवं नियुक्ति का मॉडल अपनाने का राज्य सरकार से अनुरोध किया गया । सतीश गोंडाने संभागीय अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों के जीवन में पेंशन ,बीमा ,सामाजिक सुरक्षा और रोजगार की सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुये कहा कि यह सभी सुविधाऐं हर नियोक्ता को चाहे गये उद्योगपति हो सरकार हो या कोई अन्य संसाधन हो इन्हें अवश्य ही उपलब्ध कराने का संवैधानिक दायित्व है। अरविन्द भट्ट सचिव राज्य कर्मचारी संघ ने सभी उपस्थित कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वक्त की आवश्यकता के अनुसार एवं अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिये सही श्रमिक संघ का चुनाव करें और आंदोलन के आव्हान पर बड़ी संख्या में दर्ज करवाये ताकि अन्य शोषण से मुक्ति प्राप्त , राकेश श्रीवास्तव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि भारतीय मजदूर संघ इस वर्ष के प्रारंभ से ही आंदोलन की राह अपनाये हुये है । जिलाध्यक्ष अर्जुन भारतीय ने अपनेउद्बोधन में कहा कि राष्ट्र हमारे लिये सर्वोपरि है और हमारे मातृ संगठन की विचारधारा को ही लेकर हम कार्य करते है हमारा लक्ष्य राष्ट्र हित,उद्योगहित एवं श्रमिक हित है और श्रमिकों के लिये सतत संघर्षशील रहना ही हमारा धर्म है अल्प सूचना आप इस कार्यक्रम को उपस्थित हुये सभी वंदन व अभिनदंन।

## जिला अभियोजन संचालनालय एवं पांदुर्णा में सर्वाधिक कोर्स करने वाले अधिकारी -कर्मचारीगण सम्मानित

**छिंदवाड़ा।** भारत सरकार द्वारा दिनांक 02 अप्रेल से 10 अप्रेल तक साधना सप्ताह के घोषित किया गया था, जिस अवसर पर म0प्र0 शासन के दिये गये दिशा निर्देश के पालन में जिला अभियोजन संचालनालय छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा उत्साहपूर्वक कोर्स किया गया। अभियोजन कार्यालय छिन्दवाड़ा के अंतर्गत वीरेन्द्र कुमार उईकेसहायक ग्रेड प्रथम स्थान, विशाल सिंह ठाकुर सहायक ग्रेड तीन द्वितीय एवं मोहित नामदेव एडीपीओ जुन्नारदेव तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह जिला पाण्ढुर्णा से अखिल कुमार कुशराम एडीपीओ प्रथम, मुकेश सरयाम सहायक ग्रेड द्वितीय स्थान एवं उमेश कुशवाहा एडीपीओ तृतीय स्थान पर रहे।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति अमरवाडा, जिला, छिन्दवाडा (म0प्र0)**

क्रं0/मंडी / तौलकांटा /2026-27/188 — अमरवाडा, दिनांक-21/04/2026

**-: निविदा आमंत्रण सूचना:-**

कृषि उपज मंडी समिति अमरवाडा 'द' श्रेणी मंडी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी0ओ0टी0) के तहत संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_501944_1 के अंतर्गत ऑन लाईन निविदायें दिनांक 13.05.2026 को शाम 3.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म0प्र0 शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.co.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोटः- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
अमरवाड़ा